कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2018/3230 लखनऊ:दिनांक 27 सितम्बर 2018

डिमाण्ड ड्राफ्ट वापसी के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

यू0पी0 नीट यू0जी0 2018 में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से सिक्योरिटी धनराशि के रूप में रू0 2.00/–लाख तथा रू0 30,000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट नोडल सेण्टरों पर जमा कराये गये थे।

ऐसे अभ्यर्थी जिनको कोई भी राजकीय/निजी क्षेत्र की (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) की सीट आवंटित नही हुयी है वह अपने डिमाण्ड ड्राफ्ट उसी नोडल सेण्टर से प्राप्त कर सकते है, जहॉ पर उनके द्वारा उक्त डी0डी0 जमा किया गया है।

अवगत कराना है कि **मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर** तथा **डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांईसेज, लखनऊ** में जिन अभ्यर्थियों ने अपनी सिक्योरिटी धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा किया है वह किसी भी कार्यदिवस में (सोमवार से शुक्रवार के मध्य, राजकीय अवकाश को छोड़कर) चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, अशोक मार्ग लखनऊ से प्राप्त कर सकते है।

अभ्यर्थी स्वयं, अभिभावक अथवा अभ्यर्थी का प्रतिनिधि जिसके पास अभ्यर्थी द्वारा प्रदत्त प्राधिकार पत्र (Authority Letter) हो वह उपस्थित होकर डिमाण्ड ड्राफ्ट प्राप्त कर सकते है। डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्राप्ति के समय डी0डी0 जमा करने की रसीद तथा पहचान से सम्बन्धित अभिलेख होना आवश्यक है।

दिनांक 28.09.2018 से दिनांक 31.10.2018 के मध्य किसी भी कार्यदिवस में नोडल सेण्टर/महानिदेशालय में उपस्थित होकर डी0डी0 प्राप्त कर सकते है।

समस्त सम्बन्धित प्रधानाचार्यो/अधिष्ठाता/नोडल अधिकारियों को यह विशेष निर्देश है कि वह अपने नोडल सेण्टर/मेडिकल कालेज में आये हुए किसी भी अभ्यर्थी/अभिभावक/प्रतिनिधि को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महानिदेशालय नही भेजेगे बल्कि उनसे प्रार्थना पत्र प्राप्त करते हुए तत्काल ई–मेल के माध्यम से महानिदेशालय में सम्पर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्या का निराकरण करेंगे।

अन्य सूचनाओं हेतु महानिदेशालय की वेबसाईट ***www.updgme.in*** का अवलोकन करते रहे।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2018/ तद्दिनांक।